समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 09 September 2026

# विराट कोहली से 'हैडंशेक विवाद' पर ट्रैविस हेड ने तोड़ी चुप्पी, बोले- इसमे हैरानी जैसी कोई बात नहीं

Sanket Morankar | Published on 24 Jul 2026



आईपीएल 2026 के दौरान **रॉयल चैलेजंर्स बेगंलुरु (RCB)** और **सनराइजर्स हैदराबाद (SRH)** के बीच खेले गए मुकाबले के बाद चर्चा में आए **विराट कोहली** और **ट्रैविस हेड** के कथित हैंडशेक विवाद पर आखिरकार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने अपनी चुप्पी तोड़ दी है। ट्रैविस हेड ने साफ कहा कि इस पूरे मामले को जरूरत से ज्यादा तूल दिया गया और उनके तथा विराट कोहली के बीच ऐसा कुछ नहीं है जिसे सुलझाने की आवश्यकता हो।

आईपीएल 2026 में हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के बाद कैमरों में ऐसा दृश्य कैद हुआ था जिसमें विराट कोहली कथित तौर पर ट्रैविस हेड से हाथ मिलाए बिना आगे बढ़ते दिखाई दिए। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर दोनों खिलाड़ियों के बीच अनबन की अटकलें तेज हो गई थीं और यह मामला काफी दिनों तक चर्चा का विषय बना रहा।

अब कई महीनों बाद ट्रैविस हेड ने इस विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि खेल के दौरान इस तरह की घटनाएं सामान्य होती हैं। उन्होंने कहा, "**मुझे नहीं लगता कि ऐसा कुछ है जिसे ठीक करने की जरूरत हो। जैसा खेल चला और जैसा माहौल था, उसी के अनुरूप सब कुछ हुआ। इसमे कोई हैरानी वाली बात नहीं है।**"

हेड ने संकेत दिया कि मैदान पर प्रतिस्पर्धा बेहद तीव्र होती है और कई बार मुकाबले की गर्माहट में ऐसी परिस्थितियां बन जाती हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं होता कि खिलाड़ियों के बीच व्यक्तिगत दुश्मनी है। उन्होंने कहा कि पेशेवर क्रिकेट में ऐसी बातें खेल का हिस्सा हैं।

इस विवाद के बाद ट्रैविस हेड की पत्नी **जेसिका डेविस** ने भी सोशल मीडिया पर खुलासा किया था कि उन्हें और उनके परिवार को ऑनलाइन ट्रोलिंग और अभद्र टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया था कि इस घटना के बाद उन्हें मानसिक रूप से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

ट्रैविस हेड ने इस विषय पर भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले खिलाड़ियों और उनके परिवारों को कई बार ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर हुई प्रतिक्रियाओं का असर उनके परिवार के अन्य सदस्यों पर भी पड़ा, जो इस तरह की परिस्थितियों के अभ्यस्त नहीं थे।

उन्होंने अपनी पत्नी की सराहना करते हुए कहा कि जेसिका ने पूरे मामले को बेहद संयम और समझदारी से संभाला। हेड के अनुसार, कुछ दिनों बाद लोग ऐसे विवादों को भूल जाते हैं, लेकिन परिवार के लोगों के लिए यह अनुभव कई बार कठिन साबित होता है।

उधर, आईपीएल 2026 का सीजन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए ऐतिहासिक रहा। विराट कोहली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार आईपीएल खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को हराकर ट्रॉफी जीती और पूरे सीजन में दमदार प्रदर्शन किया।

ट्रैविस हेड के इस बयान के बाद माना जा रहा है कि विराट कोहली और उनके बीच कथित विवाद की अटकलों पर अब विराम लग सकता है। हेड ने स्पष्ट कर दिया है कि मैदान की प्रतिस्पर्धा को व्यक्तिगत रिश्तों से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए और क्रिकेट में इस तरह के पल खेल का स्वाभाविक हिस्सा होते हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.